तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

11 रामायण के सुपात्रों से जीवन में चरित्र निर्माण की...



12 बाजारों में हरी सब्जियों की बहार पर महंगाई ने...





## खबर संक्षेप

### गुदगुदा में मड़ई मेला 21 को

**सिर्री।** ग्राम गुदगुदा में ग्रामवासियों के सहयोग से 21 जनवरी बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में जय हरदेलाल बाबा लोककला मंच घीना जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच प्रतिनिधि संजय साहू, ओंकार साहू, योगेश साहू, सनातन साहू, हेमंत साहू, हुलास साहू जुटे हैं।

### मुड़पार में 21 को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम मुड़पार में ग्रामवासियों के सहयोग से 21 जनवरी बुधवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए मोर चिरैया के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कुलिया कनेरी जिला बालोद का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम विकास समिति ग्राम मुड़पार के अध्यक्ष सुखराम यादव ने दी है।

### मड़ाईभाठा में हिन्दू सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव 22 को

**कोर्रा-भखारा।** अयोध्या धाम में निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर एवं भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर विराट हिन्दू सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे से श्रीराम मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर मड़ाईभाठा परिसर में होगा। मुख्य अतिथि संत रामरूप मदकू द्वीप बिलासपुर व विशिष्ट अतिथि श्यामादेवी साहू रामायणी रूद्री तथा मुख्य वक्ता रूपनारायण सिन्हा अध्यक्ष छग योग आयोग होंगे।

### सेलदीप में मड़ई मेला 23 को

**कुरूद।** ग्राम सेलदीप में ग्रामवासियों के सहयोग से 23 जनवरी बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है जिसमें आंगादेव की उपस्थिति होगी। रात्रि में लोककला मंच रंग छत्तीसा पूनम दिव्या विराट तिवारी राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सुभाष सोनवानी ने दी है।

### करगा में मड़ई 20 को

**जीजामगांव।** ग्राम करगा में 20 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए माटी के सिंगार लोक कलामंच गिरहोला चारामा की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी प्यारेलाल साहू, डागेश्वर, सोमनाथ ने दी।

### भैंसबोड़ में मड़ई मेला 20 को

**अंवरी।** इस वर्ष भी ग्राम भैंसबोड़ में मड़ई मेला का आयोजन 20 जनवरी को किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए भुइंया के श्रृंगार छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी होच्चेटोला बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम पंचायत भैंसबोड़ ने दी।

### भैंसमुंडी में साहू समाज भवन का लोकार्पण आज

**मगरलोड।** भैंसमुंडी में साहू समाज भवन का लोकार्पण आज सोमवार 19 जनवरी को होगा। अधोसरंचना मद से 10 लाख और ग्रामीण साहू समाज भैंसमुंडी से 2.10 लाख से निर्मित यह भवन का लोकार्पण प्रातः 11 बजे नगर पंचायत अध्यक्ष लीलेश सुरेश साहू के मुख्य आतिथ्य एवं सुरेश साहू अध्यक्ष मगरलोड परिक्षेत्र साहू समाज की अध्यक्षता में होगा। विशिष्टि अतिथि नीतू खिलावन पूर्व नपं अध्यक्ष, गोविंद साहू संरक्षक तहसील साहू समाज, यशोदा साहू पार्षद, घनश्याम साहू पार्षद, अशोक साहू पार्षद, तामेश्वरी सत्यनारायण साहू पार्षद, ईश्वर साहू पार्षद, खिलावन साहू पार्षद होंगे। यह जानकारी दाऊलाल साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज भैंसमुंडी ने दी है।

सारा खेल स्मार्ट मीटर से, हेड ऑफिस से ऑनलाइन काटी जा रही बिजली

# एक माह भी बिल नहीं पटा तो कनेक्शन हो रहा कट

**केस 1**

सदर दक्षिण वार्ड निवासी अशोक कावड़े किसी कारणवश एक माह का बिजली बिल नहीं पटा पाए थे। करीब 3900 रुपए का बिल था। बिन नहीं पटने पर रायपुर से ही उनका कनेक्शन ऑनलाइन डिस्कनेक्ट कर दिया। इसकी जानकारी होते ही श्री कावड़े ने तुरंत ऑनलाइन पेमेंट किया। पेमेंट होने के आधे घंटे के भीतर ही उनकी बिजली चालू हो गई।

**केस 2**

शैलेश कुमार बठेना वार्ड में किराना की दुकान चलाते हैं। दुकान किराए से है और बिजली कनेक्शन दुकान मालिक के नाम पर है। गलती से वे एक माह का बिजली बिल नहीं पटा पाए थे। 14 जनवरी को दोपहर में उनका कनेक्शन भी रायपुर से ही ऑनलाइन काट दिया गया। पेमेंट के तुरंत बाद बिजली चालू हो गई थी।



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अब बिजली बिल नहीं पटाना उपभोक्ताओं को महंगा पड़ रहा है। बिना किसी सूचना के ही बिल नहीं पटाने वालों की लाइन काटी जा रही है, वह भी ऑनलाइन। बिल पटाते ही कनेक्शन जोड़ भी दिया गया है। खास बात यह है कि न तो लाइन काटते वक्त कोई खम्भे पर चढ़ा और न ही जोड़ते वक्त। पूरा खेल स्मार्ट मीटर से किया गया, वह भी रायपुर से ऑनलाइन।

स्मार्ट मीटर लगने के बाद इसका फंक्शन भी चालू कर दिया है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण सिस्टम ऑनलाइन डिस्कनेक्शन है। बिल नहीं पटाने पर उपभोक्ताओं का कनेक्शन ऑनलाइन कट किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग ने इस माह बिजली बिल नहीं पटाने वाले करीब 800 लोगों की जानकारी रायपुर हेड ऑफिस को भेजी थी। रायपुर हेड ऑफिस से 575 लोगों का कनेक्शन ऑनलाइन डिस्कनेक्ट कर दिया गया था। बिजली कनेक्शन कटते ही अधिकांश लोगों ने तत्काल ऑनलाइन बिल पटाया। बिल पटाने के तुरंत बाद ही उनका कनेक्शन चालू कर दिया गया। राहत की बात है कि न तो कनेक्शन काटने के लिए कोई अतिरिक्त चार्ज लिया गया और न ही जोड़ने के लिए। उधर स्मार्ट मीटर के इस फंक्शन के चालू होते ही उपभोक्ता भी अलर्ट हो गए हैं। अब वे बिजली बिल प्राथमिकता के साथ पटा रहे हैं।

### ऐसा है सिस्टम

बिजली बिल नहीं पटाए जाने से विद्युत विभाग को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं मैनुअली डिस्कनेक्शन में विद्युत विभाग के कर्मचारियों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इन समस्याओं को देखते स्मार्ट मीटर का यह फंक्शन सबसे पहले चालू किया गया है। बिल पटाने की अंतिम तिथि के बाद उपभोक्ताओं को बिल पटाने के लिए 21 दिन का अतिरिक्त समय दिया जा रहा है। इन 21 दिनों में बिल नहीं पटने पर ऑन लाइन कनेक्शन कट किया जा रहा है।

### जल्द ही चालू होगी प्री-पेड बिजली

धमतरी जिले के साथ पूरे प्रदेश में जल्द ही प्री-पेड सिस्टम से बिजली सप्लाई की जाएगी। सभी कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगने के बाद यह सिस्टम चालू किया जाएगा। धमतरी डिवीजन की स्थिति देखें तो घरेलू, व्यवसायिक, औद्योगिक सहित अन्य कई प्रकार के 1 लाख 8 हजार कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। अब तक इनमें से 96 हजार कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। 12 हजार कनेक्शन बचे हैं, जिनमें स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। इन बचे हुए कनेक्शनों में भी स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेश में एक साथ प्री-पेड सिस्टम से बिजली सप्लाई शुरू की जाएगी।

### हेड ऑफिस से होता हो डिस्कनेक्शन

बिजली बिल नहीं पटाने वालों की जानकारी हेड ऑफिस को देनी होती है। इसके बाद वहीं से उपभोक्ताओं की बिजली ऑनलाइन काटी जा रही है। बिल पटते ही ऑनलाइन सिस्टम से 24 घंटे के भीतर कनेक्शन जोड़ने का प्रावधान है। परेशानी से बचने के लिए उपभोक्ताओं को समय पर बिल का भुगतान कर देना चाहिए।

- अनिल सोनी,
*कार्यपालन अभियंता*
*विद्युत विभाग धमतरी डिवीजन*

# बच्चों व बुजुर्गों से भरी ऑटो अनियंत्रित होकर कुएं में गिरी

- सरपंच पति की बहादुरी से बड़ी जनहानि टली





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरूद थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बगदेही में रविवार को एक बड़ी जनहानि टल गई। एक ऑटो चालक की लापरवाही के कारण बुजुर्ग और बच्चों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर सीधे एक गहरे कुएं में जा गिरा। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया, हालांकि समय रहते की गई मदद से सभी की जान बचा ली गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो चालक अशोक टंडन मरौद निवासी वाहन को रिवर्स (पीछे) कर रहा था, तभी उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और ऑटो पीछे स्थित कुएं में गिर गया। हादसे के वक्त ऑटो में चालक समेत कुल 6 लोग सवार थे। घायलों में 3 से 4 साल के मासूम बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे, जिनकी जान पर बन आई थी।

### ऑटो अब भी कुएं में फंसा

जानकारी के मुताबिक सभी यात्रियों के सुरक्षित होने के बाद अब कुएं में फंसे ऑटो को बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल ऑटो कुएं के भीतर ही फंसा हुआ है। इस चमत्कारिक बचाव के बाद पूरे गांव ने राहत की सांस ली है।

### सरपंच पति बने देवदूत

घटना के तुरंत बाद सरपंच पति जयंत ध्रुव ने अदम्य साहस का परिचय दिया। जैसे ही उन्होंने ऑटो को कुएं में गिरते देखा, उन्होंने बिना समय गंवाए कुएं में छलांग लगा दी। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर कुएं में डूब रहे मासूम बच्चों और अन्य लोगों को बाहर निकाला। उनकी इस बहादुरी की पूरे गांव में सराहना की जा रही है।

### पुलिस तत्काल पहुंची

हादसे की सूचना मिलते ही कुरूद पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

# महानदी परियोजना के सभी बांध लबालब

- गंगरेल, दुधावा एवं माड़मसिल्ली में 90 फीसदी से अधिक तथा सोंढूर बांध में 75 फीसदी जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गंगरेल बांध जलभराव क्षमता से डेढ़ गुणा अधिक पानी डिस्चार्ज होने के बाद भी लबालब भरा हुआ है। जनवरी माह में गंगरेल की अथाह जलराशि पर्यटकों को लुभा रही है। इसी तरह परियोजना के सभी बांधों की हालत दुरूस्त है। दुधावा, सोंढूर, माड़मसिल्ली बांध में पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है।

इस साल मानसून ने औसत से अधिक बारिश की है। 27 टीएमसी उपयोगी क्षमता वाले प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े बांध ने लाखों हेक्टेयर कृषि जमीन को दिल खोलकर पानी दिया। वहीं भारी मात्रा में महानदी में पानी बहा दिया। सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगरेल बांध में ग्रास केपिसिटी जलभराव क्षमता 32.150 टीएमसी है तथा 27.079 टीएमसी उपयोगी जलभरव क्षमता है। मानसून काल में खरीफ सिंचाई के लिए 23.340 टीएमसी पानी रूद्री बरॉज के मुख्य नहर में छोड़ा गया। 12.537 टीएमसी पानी महानदी में फ्लड किया गया। 3.470 टीएमसी पानी भिलाई नहर के माध्यम से छोड़ा गया। करीब 2.500 टीएमसी पानी रायपुर तथा धमतरी में पेयजल के लिए दिया गया है। इस तरह 42 टीएमसी पानी छोड़ने के बाद भी गंगरेल बांध में 93 फीसदी जलभराव के साथ 25.380 टीएमसी उपयोगी पानी जमा है। गंगरेल बांध में फिलहाल आवक जीरो है जबकि 700 क्यूसेक पानी 24 घंटे में छोड़ा जा रहा है।

### बांधों की तबीयत दुरूस्त

गर्मी के दिनों में पूरी तरह से सूख चुके माड़मसिल्ली बांध में 91.60 प्रतिशत जलभराव है। 5.718 टीएमसी क्षमता वाले माड़मसिल्ली बांध में 5.361 टीएमसी पानी भरा हुआ है। मानसूनी बारिश से लबालब होने के बाद सायफन सिस्टम वाले इस बांध में 2.825 टीएमसी पानी फ्लड हुआ है। 10.032 टीएमसी क्षमता वाले दुधावा बांध 92.61 फीसदी जलभरव है। गर्मी में डेड स्टोरेज पर आ चुके इस बांध में 9.251 टीएमसी जलभराव है। बारिश के दौरान इस बांध में 1.023 टीएमसी पानी फ्लड किया गया है। सोंढूर बांध बारिश के दौरान सबसे पहले लबालब हुआ था। 6.342 टीएमसी उपयोगी जलभराव क्षमता वाले इस बांध में 75 फीसदी जलभराव है। रविवार को सोंढूर बांध में 4.731 टीएमसी उपयोगी पानी जमा है। बारिश के दौरान सोंढूर बांध से 3.059 टीएमसी पानी सिंचाई, निस्तारी के साथ दुधावा बांध को दिया गया।

# गौ विज्ञान परीक्षा 19 को होगी

**धमतरी।** 19 जनवरी को पूरे प्रदेश के 33 जिलों के 6000 से अधिक संस्थानों में एक साथ गौ विज्ञान परीक्षा होगी। 1,70,000 से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। गौ, राष्ट्र एवं जगत कल्याण के लिए इसी दिन सामूहिक सवा करोड़ श्री सुरभ्ये नमः मंत्र का जप भी किया जाएगा। पंच परिवर्तन विषय पर प्रबोधन एवं गौ सेवार्थ प्रतिज्ञा भी कराई जाएगी।

**1,70,000 से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल**

प्रदेश परीक्षा प्रमुख सुबोध राठी ने बताया कि प्रथम चरण की परीक्षा 19 जनवरी को दोपहर 1 बजे से पूरे प्रदेश में एक साथ होगी। प्रथम चरण की परीक्षा में चयनित विद्यार्थी 8 फरवरी को होने वाली दूसरे चरण की परीक्षा में सम्मिलित होंगे जो पूरे प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालय केंद्रों में एक साथ होगी। चयनित विद्यार्थी तीसरे चरण की परीक्षा में सहभागी होंगे जो अप्रैल माह में रायपुर में होगी। प्रदेश स्तर के विजेताओं को क्रमशः 51,000 31,000 एवं 11,000 नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। परीक्षा में सहभागी विद्यार्थियों द्वारा अपने घरों में किचन गार्डन का भी निर्माण किया गया है।

# शासकीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को रखें सर्वोपरि

## कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया एमपीसी भवन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जनमन योजना अंतर्गत ग्राम मड़वापथरा में निर्माणाधीन बहुउद्देश्यीय केंद्र (एमपीसी भवन) का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति, संरचनात्मक गुणवत्ता, उपयोगिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन का अवलोकन किया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जनमन योजना विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण की एक महत्त्वाकांक्षी पहल है। इस योजना अंतर्गत निर्मित बहुउद्देश्यीय केंद्र ग्रामीण समुदाय के लिए एक सशक्त मंच के रूप में कार्य करेगा, जहां विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी, कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वरोजगार से जुड़े कार्यक्रम, महिला एवं युवा सशक्तिकरण गतिविधियां तथा सामुदायिक बैठकों का आयोजन किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि ग्राम के समग्र विकास का केंद्र बनेगा।

कलेक्टर ने निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शासकीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने कार्यदायी एजेंसी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप हो तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने भवन की आंतरिक एवं बाह्य संरचना, विद्युत एवं जलापूर्ति व्यवस्था, दिव्यांगजनों की सुविधा, स्वच्छता प्रबंधन तथा भविष्य में उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रावधानों की समीक्षा की।

### कलेक्टर ने मगरलोड के स्कूलों का किया निरीक्षण

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मगरलोड विकासखंड के प्रवास के दौरान शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड एवं माध्यमिक शाला लुगे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर संवाद किया और उन्हें परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, पाठ्यक्रम की गहन समझ एवं आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि परीक्षा को बोझ न समझें, बल्कि इसे अपनी मेहनत और ज्ञान को प्रदर्शित करने का अवसर मानें। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी चर्चा की। एक छात्र द्वारा स्वयं को उन्नत किसान बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त होने और अन्य लोगों को रोजगार देने की इच्छा व्यक्त करने पर कलेक्टर ने उसकी सोच की सराहना की। इसके पश्चात कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वामी आत्मानंद स्कूल भैंसमुंडी के प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की बैठक लेकर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा की।

शहर के तालाब चढ़ गए अतिक्रमण की भेंट, संरक्षण-संर्वधन की कवायद नहीं

# शहर के कई तालाब खत्म हो गए, कई ले रहे अंतिम सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के तालाबों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। कई तालाबों का तो नामोंनिशान मिट गया है। वहीं अधिकांश तालाब अतिक्रमण के चलते खत्म होने की कगार पर हैं। इन तालाबों को अतिक्रमणमुक्त करने और इन्हें संरक्षित करने की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की जा रही है। न ही अतिक्रमण हटाया जा रहा है और न ही तालाबों को संवारने का काम हो रहा है।

जिले में जलस्त्रोतों के संरक्षण के नाम पर हर साल लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन जलस्त्रोतों की स्थिति सुधरी नहीं है। सबसे ज्यादा तालाबों की स्थिति खराब है। आमातालाब, कांटातालाब, रमसगरी तालाब सहित कई तालाबों में भारी भरकम खर्च कर गार्डन भी डेवलप किया गया, लेकिन मेंटनेंस के अभाव में इन तालाबों की स्थिति फिर से पहले जैसी हो गई है। पुरखों ने जिन जलस्त्रोतों को विरासत में हमें दिया है, उन तालाबों के संरक्षण की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है।



### यह है तालाबों का रिकार्ड

बठेना तालाब 1.1897 हेक्टेयर, सुबन तालाब 0.5341 हेक्टेयर, खोड़िया तालाब 3.3184 हेक्टेयर, दानी तालाब 2.683 हेक्टेयर, मकई तालाब 7.8023 हेक्टेयर, कठोली तालाब 3.4600 हेक्टेयर, रामबाग तालाब 3.7716 हेक्टेयर, नया तालाब 0.934 हेक्टेयर, खपरी तालाब 1.2707 हेक्टेयर, दीवान तालाब 1.0764 हेक्टेयर, महिमासागर तालाब 3.8445 हेक्टेयर, बनिया तालाब 1.6470 हेक्टेयर, माता तालाब 1.7150 हेक्टेयर, रामसागर तालाब 3.7716 हेक्टेयर, माता शीतला तालाब 2.5980 हेक्टेयर, कलार तालाब 1.2666 हेक्टेयर, आमातालाब 1.2019 हेक्टेयर, लिमाही तालाब 2.1246 हेक्टेयर, कांटा तालाब 3.6826 हेक्टेयर, नागसागर तालाब 1.6025 हेक्टेयर, भंडार तालाब 0.9030 हेक्टेयर, गंगा तालाब 0.9510 हेक्टेयर में है।

तालाबों की स्थिति केवल धमतरी में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में खराब है। इसे देखते हुए अपर संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास ने दो साल पहले तालाबों को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी किया था। इन तालाबों को छह माह के भीतर अतिक्रमणमुक्त किया जाना था। लेकिन इस निर्देश पर आज तक अमल नहीं किया गया है। एक भी तालाब को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा सका है। इसके लिए प्रयास ही नहीं किया गया।

### धड़ल्ले से हो रहा अतिक्रमण

मिली जानकारी के अनुसार शहर में कुल 22 तालाब बचे हुए हैं। नगर निगम के दस्तावेजों में इन तालाबों का कुल रकबा 49.2487 हेक्टेयर यानी 123.121 एकड़ है, लेकिन जमीनी स्तर पर अतिक्रमण के चलते इन तालाबों का क्षेत्रफल काफी कम हो गया है। तालाब के पार तो पूरी तरह से अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। कई तालाबों को पाटकर उनमें भवन भी बना लिया गया है।

## खबर संक्षेप





### आध्यात्मिक जीवन मूल्यों पर डाला प्रकाश

■ ब्रम्हा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि श्रद्धा भाव से मनाई गई

**नगरी।** ब्रम्हाकुमारीज सेवा केंद्र नगरी में 18 जनवरी को संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रम्हाबाबा की 57 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र राजऋषि भवन परिसर में ब्रम्हा बाबा की झोपड़ी एवं पावर ऑफ पीस टावर का आकर्षक निर्माण किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक सामूहिक राजयोग ध्यान से हुई, जिसमें सैकड़ों साधकों ने सहभागिता की। इसके बाद मुरली क्लास का आयोजन हुआ, जिसमें आध्यात्मिक जीवन मूल्यों एवं आत्मिक शांति पर प्रकाश डाला गया। मुरली क्लास के उपरांत ब्रम्हा बाबा के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पूरे परिसर में शांति और आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा। राजयोगिनी भावना ने कहा कि ब्रम्हा बाबा का जीवन मानव कल्याण, त्याग और सेवा की प्रेरणा देता है तथा उनके द्वारा दिया गया राजयोग ज्ञान आज भी समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहा है। श्रद्धांजलि समारोह में सभी ने ब्रम्हा बाबा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया जनगणना अधिकारी नियुक्त

**धमतरी।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 4 की उपधारा (4) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए धमतरी जिला अंतर्गत जनगणना अधिकारी नियुक्त किए हैं। जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती सीमा पाठक को धमतरी जिले की सीमाओं के भीतर के लिए अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार धमतरी जिले की सीमाओं के भीतर का क्षेत्राधिकार कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री मिश्रा तथा डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मनोज मरकाम का होगा। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी पीयूष तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी कुरूद नभसिंह कोसले और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी प्रीति दुर्गम को उनके संबंधित अनुविभाग क्षेत्राधिकार सीमाओं के लिए अनुविभागीय जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा तहसीलदारों और नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को संबंधित तहसील और नगरीय निकाय क्षेत्राधिकार के लिए चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### महुआ शराब जब्त पकड़ाया कोचिया

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने 17 जनवरी को रात 8 बजे छापामार कार्यवाही करते हुए बड़ेपारा अटल चौक अर्जुनी के पास से शराब कोचिया को पकड़ा और कब्जे से महुआ शराब को जप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बड़पारा अर्जुनी निवासी दुलार जैन पिता स्व. बरतुराम जैन द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब को बेचने के लिए रखा हुआ था। आरोपी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमत 700 रूपएं व नगद 100 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत पीढ़ापाल निवासी 47 वर्षीय माखन सिंग पिता दऊराम का सड़क दुर्घटना में 16 जनवरी को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हुआ था। इलाज के लिए रायुपर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसका मौत हो गया।

### कोसमर्रा मामले में हरिशंकर ने की कलेक्टर से शिकायत

# जिले में खूब हो रहा कोटवारी सेवाभूमि को बेचने का फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय कोटवारी सेवाभूमि को निजी भूमि बनाने का खेल, फिर उसे मुंहमांगे दाम में बेचकर पैसा कमाने का कारोबार जिले में खूब फल-फूल रहा है। धमतरी विधायक ने ऐसे मामलों को विधानसभा में मयदस्तावेज उठाया है। इसी कड़ी में 16 जनवरी को कोसमर्रा में कोटवारी सेवाभूमि की अवैध एवं फर्जी बिक्री की लिखित शिकायत कलेक्टर से की है।

मामला भखारा तहसील के ग्राम कोसमर्रा की है। यहां खसरा नंबर 900/3 रकबा 0.56 हेक्टेयर शासकीय कोटवारी सेवाभूमि की है। जानकारी के अनुसार गांव के तत्कालीन पटवारी गांव के कोटवार के साथ मिलकर बंदोबस्त पूर्व से चली आ रही सेवाभूमि के रिकार्ड में फर्जीवाड़ा किया और सेवा भूमि को बेच दिया। क्रेता के नाम पर ऋण पुस्तिका एवं अन्य अभिलेख दुरूस्त किया गया। मजे की बात यह है कि तत्कालीन पटवारी ने पुनः खसरा नंबर 900/1 -1.48 हे. एवं 902/2 -1.24 हे. को कोटवार के नाम पर ग्राम सेवक के नाम पर दर्ज करने की कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता हरिशंकर मरकाम ने बताया कि जिस जमीन को ग्राम सेवक के नाम पर दर्ज किया गया है , वह शासकीय कालेज भखारा के ठीक सामने मुख्य सड़क से 500 मीटर अंदर है। इसे बेचने भूमाफिया जुट गए हैं। जमीन को देखने बड़ी पार्टी पहुंच रही है।

**जांचकर दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग**

शिकायतकर्ता श्री मरकाम ने बताया कि छग भू राजस्व संहिता नियमों के अनुसार कोटवारी सेवाभूमि शासकीय भूमि की श्रेणी में आती है जिस पर भूस्वामी का निजी अधिकार नहीं रहता और न ही किसी रूप से बेचा सकता है। इस मामले में फर्जी रजिस्ट्री एवं दस्तावेजों में हेराफेरी गंभीर दंडनीय अपराध है। धन के लालच में ऐसे कृत्य करने वाले पटवारी को तत्काल निलंबित करने, एफआईआर दर्ज कर जांच की जाए। उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई एवं शासकीय भूमि को सुरक्षित करने की मांग की।

# जनमन योजना से पीवीटीजी बसाहटों को मिली सशक्त कनेक्टिविटी

## कलेक्टर ने मोहरा-निरई कमारपारा सड़क का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने विकासखंड मगरलोड अंतर्गत मोहरा-निरई कमारपारा मार्ग का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनमन योजना के अंतर्गत निर्मित सड़क कार्य की गुणवत्ता का सूक्ष्म परीक्षण किया तथा निर्माण में अपनाए गए मानकों का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर ने सड़क की मोटाई, सतह की मजबूती, समतलता एवं जल निकासी व्यवस्था की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार की जनमन (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान) योजना का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की बसाहटों को मुख्यधारा से जोड़ना है। मोहरा-निरई कमारपारा सड़क का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे कमारपारा एवं आसपास की पीवीटीजी बसाहटों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि सड़क कनेक्टिविटी के सुदृढ़ होने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आजीविका से जुड़ी सेवाओं तक सरल एवं सुगम पहुंच प्राप्त होगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं समय-समय पर गुणवत्ता परीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखी जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंचे।

ग्रामीणों से संवाद करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि शासन की मंशा गांवों को सशक्त, आत्मनिर्भर और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की है। गुणवत्तापूर्ण सड़कें केवल दूरी कम नहीं करतीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास के नए अवसर भी सृजित करती हैं। निरीक्षण के अवसर पर सहायक आयुक्त, आदिम जाति विकास विमल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे मजबूत उपाय

■ फरसियां स्कूल के बच्चों को साइबर क्राइम, यातायात नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नगरी थाना के सहयोग से साइबर अपराध पर प्रभावी रोकथाम, नशामुक्ति जागरूकता एवं सड़क यातायात नियमों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, नशे के दुष्प्रभाव और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था।थाना प्रभारी चक्रधर बाघ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर ठगी व्यक्ति की वर्षों की मेहनत की कमाई को पल भर में खत्म कर सकती है। इसके साथ ही पीड़ित को मानसिक तनाव, सामाजिक अपमान और पारिवारिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। साइबर अपराध का असर केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे पूरे समाज की छवि भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या साइबर ठगी की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत नजदीकी थाना, साइबर सेल या साइबर हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देना चाहिए। सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे सशक्त उपाय है।साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि ठग इंटरनेट, मोबाइल कॉल, मैसेज या ई-मेल के माध्यम से लोगों को धोखा देकर उनकी निजी जानकारी या धन चुरा लेते हैं। इससे बचाव के लिए ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड और सीवीवी नंबर किसी के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी गई।प्रधान आरक्षक गोपी चंद्राकर ने कहा कि ऑनलाइन लेन-देन हमेशा सुरक्षित और विश्वसनीय वेबसाइट या ऐप के माध्यम से ही करना चाहिए तथा सार्वजनिक वाई-फाई पर बैंकिंग या भुगतान से बचना चाहिए।आरक्षक योगेश साहू ने सड़क यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय नशा नहीं करना चाहिए, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करना चाहिए तथा पैदल चलने वालों को ज़ेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि खेल, योग, संगीत और रचनात्मक गतिविधियों को अपनाकर युवा नशे से दूर रह सकते हैं।कार्यक्रम का संचालन रासेयो के सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल सिंह साहू ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, रासेयो पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कबीर सत्संग में गूंजा सत्य, आत्मज्ञान का संदेश

■ सत्य के मार्ग पर चलना ही वास्तविक साधना है : चंद्रकला साहेब



**भखारा।** ग्राम बिरेतरा (डोमा) में आयोजित दो दिवसीय कबीर विचार सत्संग कार्यक्रम में साध्वी सुश्री चंद्रकला साहेब ने कहा कि सत्य बात कहने पर समाज प्रायः नाराज़ हो जाता है, किंतु सत्यता के मार्ग पर चलना ही वास्तविक साधना है। रोचक वाणी लोगों को सहज स्वीकार्य होती है, जबकि कठोर सत्य कई बार भय उत्पन्न करता है, पर वही मनुष्य के जीवन में सुधार का कारण भी बनता है।

सत्संग में कबीर साहेब के दोहों के माध्यम से आत्मज्ञान का महत्व समझाया गया। बताया गया कि ईश्वर बाहर नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर ही विद्यमान हैं, किंतु अज्ञानवश मनुष्य बाहर भटकता रहता है। आत्मबोध के बिना जीवन दिशाहीन हो जाता है।

कार्यक्रम में भजन, संगीत और वाणी पाठ ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मौके पर पारथ राम साहू, नरेंद्र कुमार, राजेन्द्र साहू, अलख राम सेन, चितेरी राम, खिलावन राम, मुन्ना लाल पटेल, पुरानिकराम निर्मलकर, जेठूराम, टकेश्वर राम, तिलकराम, ईसूराम गौटिया, भोजराज, विष्णु राम समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

# स्वदेशी से सशक्त होगी भारत की अर्थव्यवस्था

## मगरलोड कालेज में स्वदेशी जागरुकता अभियान पर हुआ प्रेरणादायी व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में स्वदेशी जागरूकता अभियान अंतर्गत एक प्रेरणादायी व्याख्यान का आयोजन प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमा चंद्राकर के दिशा-निर्देशन में हुआ ।

प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने स्वदेशी को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की अभिव्यक्ति है। स्वदेशी अपनाने से लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योगों को प्रोत्साहन, स्थानीय रोजगार का सृजन तथा देश की आर्थिक नींव को मजबूती मिलती है।

जिला संयोजक भूपेंद्र मिश्रा ने कहा कि विदेशी वस्तुएं भले ही कम कीमत पर उपलब्ध हो जाती हैं, परंतु उनका दीर्घकालिक प्रभाव भारत की अर्थव्यवस्था के लिए घातक होता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेंद्रपुरी गोस्वामी पूर्व महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र धमतरी ने कहा कि किसी भी देश की आर्थिक समृद्धि इस बात पर निर्भर करती है कि वहां की जनता अपने देश में निर्मित वस्तुओं को कितना अपनाती है। स्वदेशी वस्तुएं न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी हैं, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अधिक सुरक्षित और टिकाऊ होती हैं। जितेंद्र कुमार पांडे ने अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग एवं विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की शपथ दिलाई। मौके पर प्राध्यापकगण डॉ. घनश्याम देवांगन, कौशलेश कुमार ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, निरूपा साहू, दिव्या देवांगन, दीपक कश्यप, अनीता साहू, सुषमा, वर्षा यादव, डॉ. विनोद कुमार, नीरज कुमार, दानेश्वर कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशीला साहू व आभार प्रदर्शन डॉ. रमा चंद्राकर ने किया।

# श्रीकृष्ण-रूक्मिणी विवाह प्रसंग पर खूब झूमे भक्त

■ दोनर में श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धा और उल्लास का अनोखा संगम दिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



ग्राम दोनर में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कथा पंडाल को राजमहल की तरह सजाया गया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के स्वरूपों का प्रवेश हुआ, पूरा परिसर हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की और द्वारकाधीश की जय के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने वर-वधू पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। विवाह के पारंपरिक गीतों और भजनों पर भक्त झूमकर नाचने लगे।

व्यासपीठ से कथावाचक पंडित तोरण शर्मा ने रुक्मिणी विवाह के आध्यात्मिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माता रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी की अवतार हैं और उनका कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम अटूट भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कैसे भगवान ने भक्त की पुकार सुनकर रुक्मिणी जी का वरण किया और अधर्म पर धर्म की विजय सुनिश्चित की। दोनर सहित आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। आयोजक भूषण लाल साहू, टिकेशवर साहू, ने बताया कि कथा के छठें दिन का विशेष महत्व होता है, क्योंकि यह प्रसंग जीवन में समर्पण और प्रेम की शक्ति को दर्शाता है। कथा के अंत में भगवान की आरती की गई और सभी को छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



### प्राथमिक शाला कोड़ेबोड़ में हुआ न्योता भोज

**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ेबोड़ में न्योता भोज का आयोजन किया गया। ललित साहू ने अपने नाती श्लोक साहू के जन्मदिन पर न्योता भोज में बच्चों को खीर, पूड़ी, केला व मिठाई खिलाई। न्योता भोज पाकर बच्चे खुश नजर आए। इस अवसर पर प्रधानपाठक जया सोनवानी सहित शिक्षक स्टाफ की उपस्थिति रही।

# राजपुर में भाई बहन सहित तीन युवाओं का सेना में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड







एससीसी जीडी कांस्टेबल 2025 का परिणाम जारी हुआ जिसमें मगरलोड ब्लॉक में के कई युवाओं का अलग-अलग पद पर चयन हुआ है। एससीसी जीडी कांस्टेबल भर्ती में ग्राम राजपुर के भाई बहन सहित तीन युवाओं का चयन हुआ है। खुशबू निषाद उम्र 21 वर्ष पिता सुंदर लाल निषाद व मीरा निषाद उम्र 21 वर्ष पिता यशवंत निषाद का बीएसएफ में चयन हुआ है। अग्निवीर भर्ती नौ सेना में कैलाश निषाद उम्र 19 वर्ष पिता यशवंत निषाद का चयन हुआ है। तीनों का सेना में चयन होने पर गांव में खुशी का माहौल है। चयन होने पर ग्रामीण अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद, पूर्व सरपंच छगनी राजू निषाद, प्रीतबाई कंवर, सरपंच जामबाई सिन्हा, कन्हैया निषाद, विजय यदु, पूनमचंद सिन्हा, पवन निषाद, लोकू साहू, रेखराम ध्रुव, भोज कंवर सहित अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### 23 से 25 जनवरी तक आयोजित रायपुर साहित्य उत्सव 2026 को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

# शब्दों और विचारों को मिलेंगे पंख, साहित्यिक यात्रा को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




रायपुर साहित्य उत्सव 2026 की तैयारियां अब निर्णायक चरण में पहुंच गई हैं। इसी कड़ी में साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद छग शासन रायपुर के अध्यक्ष शशांक शर्मा की उपस्थिति में धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति के साहित्य भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य 23 से 25 जनवरी 2026 तक नवा रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाले रायपुर साहित्य उत्सव की रूपरेखा तय करना, विभिन्न साहित्यिक गतिविधियों पर विचार-विमर्श करना तथा जिले की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

बैठक की शुरुआत उत्सव की मूल अवधारणा पर चर्चा से हुई। शशांक शर्मा ने कहा कि रायपुर साहित्य उत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि शब्दों, विचारों और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का सशक्त मंच है, जहां साहित्यकारों, लेखकों, कवियों, कथाकारों और पाठकों के बीच संवाद और आत्ममंथन का अवसर मिलता है।

बैठक में जानकारी दी गई कि उत्सव में सहभागिता के लिए इच्छुक साहित्यकार, लेखक, शोधार्थी एवं साहित्य प्रेमी पंजीकरण लिंक के माध्यम से अनिवार्य रूप से पंजीकरण करें, क्योंकि पंजीकरण के आधार पर ही सत्रों और सहभागिता की रूपरेखा तय की जाएगी। धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति की भूमिका पर विशेष चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि धमतरी साहित्यिक दृष्टि से समृद्ध जिला है और यहां के रचनाकारों का योगदान उल्लेखनीय रहा है।

हाल ही में दिवंगत भारतीय ज्ञानपीठ सम्मानित कवि विनोद कुमार शुक्ल, कवि नसीर अहमद सिकंदर तथा कथाकार एवं पहल पत्रिका के संपादक ज्ञान रंजन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव ने विनोद कुमार शुक्ल पर केंद्रित कविता का पाठ किया तथा दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में गोपाल शर्मा, डॉ.भूपेंद्र सोनी, आकाश गिरी गोस्वामी, दीप शर्मा, नरेश चंद्र श्रोती, माझी अनंत, संजय जैन, मोहम्मद तारिक, डॉ सरिता दोशी, कामिनी कौशिक, प्रतिमा दीवान, गीतांजलि साहू, प्रेमशंकर चौबे सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार में किसान परेशान : लक्ष्मी ध्रुव



**नगरी।** शासकीय धान खरीदी व्यवस्था में व्याप्त गंभीर अव्यवस्थाओं को लेकर क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान खरीदी व्यवस्था से किसान आर्थिक एवं मानसिक दोनों रूप से परेशान हैं। किसानों को धान बेचने के लिए कई दिनों तक खरीदी केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद समय पर खरीदी नहीं हो पा रही है। किसानों ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों में टोकन व्यवस्था, तौल प्रक्रिया और बारदाने की उपलब्धता को लेकर लगातार समस्याएं बनी हुई हैं। कई केंद्रों पर धान सुखाने और सुरक्षित भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं होने से फसल खराब होने का खतरा बना हुआ है। धान विक्रय के बाद भुगतान में हो रही देरी के कारण किसान कर्ज चुकाने एवं घरेलू जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हो रहे हैं। पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी साफ नजर आ रही है। शासन द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया गया है, लेकिन व्यवहारिक स्तर पर किसानों को केवल 2369 रुपये ही मिल रहे हैं, शेष राशि का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। इससे छोटे एवं सीमांत किसानों की स्थिति और अधिक दयनीय होती जा रही है।

### जिला जेल परिसर में रोपे गए आम के पौधे

**धमतरी।** सार्थक ग्रीन धमतरी के तत्वावधान में जिला जेल परिसर धमतरी में ट्री गार्ड सहित आम के दो पौधे लगाए गए। स्व. सुंदरलाल किरी एवं श्रीमती लक्ष्मी बाई किरी की स्मृति में उनके पुत्र-पुत्रवधू धनंजय किरी एवं श्रीमती धनवती ने एक आम का पौधा रोपित किया। स्व. डॉ केएल चंद्राकर की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा चंद्राकर, सपना धुरंधर, नागपुर निवासी अशोकादित्य धुरंधर के सहयोग से दूसरा आम का पौधा रोपित किया गया। इस कार्य में नरेंद्र के. डहरिया सहायक जेल अधीक्षक, दिनेश कुमार गजेंद्र मुख्य प्रहरी, हेमंतसिंह ठाकुर, मुकेश ध्रुव, संत कुमार साहू, श्रीमती तुलसी डहरिया एवं श्रीमती लता रात्रे, सुभाष मलिक शामिल थे। सितंबर 2026 से अब तक जिला जेल परिसर में ट्री गार्ड सहित कुल 53 पौधे लगाए जा चुके हैं। अशोकादित्य धुरंधर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज वैश्विक जिम्मेदारी है। स्मृति से जुड़ा पौधारोपण समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। धनंजय किरी लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे पौधारोपण प्रयास समाज में प्रकृति प्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत करते हैं।

गोकुलपुर में छग स्तरीय मानसगान एवं व्याख्यान प्रतियोगिता का समापन

# रामायण के सुपात्रों से जीवन में चरित्र निर्माण की मिलती है सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





श्री सत्संग समिति गोकुलपुर, रामपुर, महात्मा गांधी वार्ड धमतरी के तत्वावधान में तीन दिवसीय छग स्तरीय मानसगान एवं व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भर की 24 मंडलियों ने भाग लिया। समापन अवसर के अतिथि रामू रोहरा महापौर, पार्षदगण नरेंद्र रोहरा, गजेंद्र कंवर, विजय मोटवानी, ईश्वर सोनकर, निलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर, अज्जू देशलहरे, प्रकाश सिन्हा, अनीता अग्रवाल, महेंद्र पंडित ने अपने संबोधन में कहा कि रामायण के सभी पात्रों ने अपने कर्तव्य को बखूबी निभाया है। राम ने मर्यादा रखकर जीवन जीया इसलिए मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाए। सीतामाता ने प्रभु को अपना जीवन समर्पित किया। लक्ष्मणजी ने त्याग किया इसलिए इतिहास में उनका नाम है। इसके अलावा कई और पात्र हैं, जिन्होंने मानव कल्याण के लिए संदेश दिया। इन सभी पात्रों को अपने जीवन में उतारें तो जीवन सार्थक हो जाएगा। रामायण ने हमें सत्य के मार्ग पर चलना सिखाया है। संबंध निभाने की कला बताई है। राम ने मर्यादा रखने राजपाठ का त्याग किया तो वहीं भरतजी ने राजपाठ मिलने के बाद भी संन्यासी का जीवन जीया। सनातन संस्कृति को बचाने रामचरित मानस का कार्यक्रम आवश्यक है। महिलाएं इसमें अहम भूमिका निभा सकती हैं। वे घर-परिवार के साथ धार्मिक क्षेत्रों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। सनातन संस्कृति का प्रचार आवश्यक है।

कार्यक्रम के निर्णायक दिनेश वैष्णव, मनराखन सिन्हा, महेश साहू तथा मंच संचालन एनआर यादव, अंजलि साहू ने किया। महिला एवं पुरूष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 2500, द्वितीय 2000, तृतीय पुरस्कार 1500 रूपये दिये गये। साथ ही प्रत्येक मंडली को आकर्षक सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। इस दौरान रंगोली बनाओ, आरती सजाओ स्पर्धा का आयोजन किया गया था। इनके प्रतिभागियों को भी सम्मान राशि से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विजय साहू, सचिव लेखराम नेताम, श्रीराम यादव, कोषाध्यक्ष प्रीतराम सोनकर, राजेंद्र यादव, जागेश्वर कंवर, राजकुमार नेताम, संतोष साहू, देवलाल साहू, रामेश्वर साहू, विजय साहू, भगवान कंवर, गोपाल यदु, नेहरू यादव, हंसू यादव, रामेश्वर ध्रुव, नारायण साहू, अनिल साहू, असमत साहू, लीलाराम साहू, गोपाल साहू, दीपक साहू, कमलेश ध्रुव, भगवानसिंह यादव, सालिक ध्रुव, अशोक साहू, जीवन साहू, उपेंद्र साहू, विजय यादव, रोशन साहू, बाबूलाल यदु, यशवंत साहू, शारदा साहू, लता नेताम, पुष्पलता साहू, गजेंद्री साहू, नीलू तिवारी, मालती कंवर, पीलाबाई, कुंती, रेवाबाई, तामेश्वरी, मीराबाई, रमशीला सहित महिला समूह, गोकुलेश्वर महादेव परिवार एवं सत्संग समिति के पदाधिकारी व वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत कथा में एक जोड़ा दाम्पत्य जीवन में बंधा



**धमतरी।** जालमपुर में श्रीमद् भागवत कथा के 6वें दिन रुक्मणि विवाह हुआ। इस दौरान एक जोड़ा दाम्पत्य जीवन में बंधा। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

## छग पेंशनधारी कल्याण संघ का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डीपी मनहर एवं महासचिव रतनलाल केवर्थ के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री निवास पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने 28 दिसंबर 2025 को पमशाला कंवरधाम तपकरा जिला जशपुर में आयोजित संभागीय सम्मेलन में पेंशनरों द्वारा रखी गई 14 सूत्रीय मांगों के संबंध में स्मरण ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री से प्रत्यक्ष बैठकर चर्चा किए जाने का आग्रह किया गया। प्रतिनिधिमंडल में धमतरी जिले से कृपाशंकर मिश्रा अध्यक्ष, राजेंद्र चंद्राकर संभागीय अध्यक्ष, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह, गजेंद्र, रुपेश तिवारी एवं क्रांति प्रवक्ता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

## दानीटोला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की हुई गहन सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आगामी गर्मी के मौसम में नागरिकों को निर्बाध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन ने समय रहते महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में दानीटोला स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में शुक्रवार को व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान में नगर निगम के कर्मचारियों ने सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक लगातार करीब 11 घंटे मेहनत कर प्लांट की संपूर्ण सफाई की।

सफाई के दौरान ट्रीटमेंट प्लांट के टैंकों में जमी काई, गाद और नहर से आए अवशेषों को पूरी तरह हटाया गया। सबसे पहले ब्रिज का पानी खाली किया गया, इसके बाद टैंकों की दीवारों पर जमी काई को प्रेशर वॉशर की मदद से साफ किया गया। कर्मचारियों ने प्लांट के प्रत्येक हिस्से को बारीकी से साफ कर पेयजल शुद्धिकरण व्यवस्था को बेहतर बनाया। शाम तक सभी टैंक पूरी तरह स्वच्छ कर लिए गए।

सफाई कार्य के चलते 16 जनवरी को शाम के समय पेयजल आपूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित रही, हालांकि वार्डों में लगे मोटर पंपों के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने का प्रयास किया गया, जिससे नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हुई।

इस दौरान महानदी मुख्य नहर से पानी लाने की प्रक्रिया में भी तकनीकी समन्वय किया गया। सफाई पूर्ण होने के बाद निगम अधिकारियों ने रुद्री बरॉज के अधिकारियों से संपर्क कर प्लांट के लिए आवश्यक जल आपूर्ति सुनिश्चित की, जिसके बाद नहर में जल स्तर सामान्य हुआ और ट्रीटमेंट प्रक्रिया पुनः सुचारू की गई।

नगर निगम के जल प्रभारी अखिलेश सोनकर ने बताया कि प्लांट की सफाई सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है और 17 जनवरी से नागरिकों को निर्धारित समय पर सुबह-शाम नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि रुद्री से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक सीधे पानी लाने के लिए पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव शासन को स्वीकृति हेतु भेजा गया है, जिससे भविष्य में पेयजल व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## नशे में एंबुलेंस चलाने वाले चालकों पर होगी कार्रवाई

- एएसपी ने ली प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों की बैठक, निर्धारित मानकों का पालन करने कहा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली।

बैठक में एएसपी ने प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों को निर्देशित किया कि वाहन की फिटनेस, वैध दस्तावेज, बीमा, परमिट, चालक की योग्यता तथा एंबुलेंस के लिए निर्धारित आवश्यक उपकरण एवं अहर्ताओं को पूर्ण किए बिना किसी भी स्थिति में एंबुलेंस का संचालन न किया जाए। आगे कहा कि एंबुलेंस एक आपातकालीन सेवा है, जिसका सीधा संबंध मरीज के जीवन से होता है। ऐसे में लापरवाही, तकनीकी खामियां अथवा नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में परिवहन विभाग द्वारा एंबुलेंस के पंजीयन, फिटनेस प्रमाण-पत्र, निर्धारित मानक उपकरण, आपातकालीन सायरन एवं अन्य आवश्यक शर्तों की जानकारी दी गई तथा समय-समय पर जांच कराने की समझाइश दी गई। यदि कोई चालक नशे में एंबुलेंस चलाते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध मोटर व्हीकल अधिनियम के प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। संबंधित एंबुलेंस संचालक की जवाबदेही भी निर्धारित की जाएगी। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय, उपपुलिस अधीक्षक सुश्री मोनिका मरावी, आरटीओ निरीक्षक कुंजाम एवं टीम, यातायात प्रभारी उनि केआर साहू सहित जिले के प्राइवेट एंबुलेंस संचालक एवं चालक उपस्थित थे।

## मड़ई और मेला हमारी सांस्कृतिक पहचान है : पंडित शर्मा

- श्री शर्मा को धर्म, समाज एवं संस्कृति रक्षक का मिला खिताब



**धमतरी।** ग्राम बोड़रा में आयोजित पारंपरिक मड़ई और मेला कार्यक्रम के दौरान धर्म, समाज और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा का सम्मान किया गया। मड़ई के मंच से उन्हें सनातन संस्कृति के प्रतीक भगवा ध्वज भेंट कर धर्म, समाज एवं संस्कृति रक्षक का खिताब दिया गया। ग्रामवासियों ने कहा कि आज समाज को ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता है, जो धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से भाईचारा, प्रेम और सौहार्द्र को बढ़ावा दें। पंडित राजेश शर्मा ने क्षेत्र में इस दिशा में लगातार योगदान दिया है और आने वाली पीढ़ी के लिए सेवा और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने कहा कि समाज व्यक्ति को पहचान, दौलत और शोहरत देता है। यदि इन संसाधनों का उपयोग जनहित और सामाजिक कार्यों में किया जाए, तो वही सच्चा परोपकार है। उन्होंने कहा कि पंडित श्री शर्मा युवाओं के लिए सार्वजनिक जीवन का प्रेरक रोल मॉडल हैं। पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि मड़ई और मेला हमारी सांस्कृतिक पहचान है और ऐसे आयोजन गांवों में एकता, भाईचारा और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। रात्रिकालीन नाचा कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा।

## भागवत भजन से होती है अंतरात्मा की तृप्ति : प्रमोद शास्त्री





- छठवें दिन आज श्रद्धालु कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री में 14 जनवरी से भव्य श्रीमद भागवत पुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कथावाचक बेमेतरा निवासी आचार्य प्रमोद शास्त्री महाराज ने 15 जनवरी को वराह अवतार, 16 जनवरी को ध्रुव चरित्र, शनिवार को नरसिंह अवतार की कथा सुनाई। विदित हो कि विगत 14 साल से रामेश्वर प्रसाद सिन्हा परिवार द्वारा गांव की सुख, शांति और समृद्धि के लिए से भागवत कथा का आयोजन किया जाता रहा है। पांचवें दिन कथावाचक ने समुद्र मंथन की कथा सुनाई। आचार्य ने बताया कि मनुष्य को भगवान की पूजा प्रतिदिन करनी चाहिए। परिवार में जितने भी सदस्य हो, सभी को साथ मिलकर भगवान का पूजन, आरती करना चाहिए। परिवार के किसी एक व्यक्ति द्वारा भगवान की पूजा करना पर्याप्त या उचित नहीं है। जिस प्रकार परिवार के सभी सदस्य प्रतिदिन भोजन स्वयं ग्रहण करते हैं तब उनको तृप्ति होती है। उसी प्रकार रोज भगवान को याद कर उनकी पूजा करनी चाहिए। जब व्यक्ति जीवन के सत्य को जान लेता है, मोह-माया से मुक्त हो जाता है। अहंकार और वासनाओं से मुक्ति, आत्म-साक्षात्कार और आंतरिक शांति की अवस्था ही अंतरात्मा की परम तृप्ति है। इससे ही मनुष्य की अंतरात्मा तृप्त हो जाती है। कथा के छठवें दिन 19 जनवरी सोमवार को कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई जायेगी। कृष्ण जन्मोत्सव मनाने के साथ ही उनके बाल चरित्र, लीलाएं बताई जाएगी।

# पूर्व छात्रों ने कहा : अपने स्कूल के साथियों से मिलकर हमारी उम्र आधी हो गई






- स्नेह सम्मेलन में देश और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से शामिल हुए पूर्व छात्र-छात्राएं
- भावुकता से एक-दूसरे को गले लगाकर याद किया छात्र जीवन



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पीएमश्री श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल नगरी में पूर्व छात्र-छात्राओं का स्नेह सम्मेलन आत्मीयता, भावनाओं और स्मृतियों के रंग में पूरी गरिमा के साथ हुआ। वर्षों बाद अपने विद्यालय प्रांगण में कदम रखते ही हर चेहरे पर मुस्कान, आंखों में नमी और मन में बीते स्वर्णिम दिनों की झलक साफ दिखाई दे रही थी।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रवेश द्वार पर सभी पूर्व छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत से हुई। विद्यालय परिवार एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय परिसर में असेम्बली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राजगीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

इसके बाद वर्ष 1970 से 2010 तक विद्यालय में अध्ययन कर चुके पूर्व छात्र-छात्राओं सहित संस्था में सेवाएं दे चुके पूर्व अध्यापकजनों का मोमेंटो, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान खेल प्रतियोगिता, गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई। पुराने फिल्मी गीतों और विद्यालय जीवन से जुड़ी प्रस्तुतियों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

संस्था के वरिष्ठ पूर्व अध्यापक सौभाग्य पटेल ने विद्यालय की स्थापना से लेकर आज तक की गौरवशाली यात्रा का भावपूर्ण वर्णन किया। उनके शब्दों में स्कूल का इतिहास सुनकर पूरा सभागार मंत्रमुग्ध हो गया। अनेक पूर्व छात्र भावुक हो उठे।

पूर्व छात्र एवं वर्तमान में मध्यप्रदेश पुलिस विभाग में पदस्थ अखिलेश मिश्रा ने कहा कि मेरे लिए यह दुनिया का सबसे बेहतर स्कूल है, क्योंकि मैंने यहां सिर्फ पढ़ाई नहीं की, बल्कि अपना पूरा बचपन जिया है। आज अपने दोस्तों के साथ फिर से वही बचपन लौट आया।

पूर्व छात्र बंटी खनूजा ने कहा कि जीवन की भागदौड़ में यह आयोजन पुराने मित्रों से मिलन का अवसर बना। यह क्षण जीवन के ऐसे अमूल्य पल हैं, जिन्हें शब्दों में बांध पाना कठिन है। कार्यक्रम का संचालन सुमन गुप्ता एवं पूर्व छात्र विमल मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सभी पूर्व छात्र-छात्राओं ने ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की इच्छा जताई और विद्यालय के प्रति अपने जुड़ाव को हमेशा बनाए रखने का संकल्प लिया।

## बिटिया सम्मान समिति ने एग्जैक्ट फाउंडेशन के बच्चों को दिए उपहार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मकर संक्रांति के अवसर पर बिटिया सम्मान समिति ब्राम्हण समाज के सदस्यों ने एग्जैक्ट फाउंडेशन के बच्चों को उपहार वितरित किए। मौके पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सोनी और प्रशिक्षक सुश्री रूबी उपस्थित थीं। धमतरी ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष राकेश दीवान एवं महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती पूजा मिश्रा एवं श्रीमती सरिता दीवान के सहयोग से यह कार्यक्रम हुआ। विशेष भूमिका अपर्णा शर्मा, प्राची चतुर्वेदी, शतक्षी दीवान, शिखा मिश्रा, आस्था तिवारी एवं स्नेहा मिश्रा की रही। बिटिया सम्मान समिति की प्रभारी श्रीमती नलिनी मिश्रा ने बच्चों के मेलजोल को एक संवेदनशील, समावेशी और मानवीय समाज के निर्माण में सहायक बताया। सामान्य बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

## बीएसएफ में कीर्तमान व महेंद्र का चयन



**पुरी।** सरस्वती शिशु मंदिर छाती के पूर्व छात्र कीर्तमान साहू पिता गैंदलाल साहू और महेंद्र निषाद पिता दिनेश निषाद ग्राम छाती का बीएसएफ में चयन हुआ है। इनके चयन पर स्कूल स्टाफ एवं विनयाजंलि शिक्षण समिति छाती के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### किसानों का धान नहीं खरीदने नए-नए पैतरे अपना रही साय सरकार : तारिणी



**धमतरी।** जिले में धान खरीदी के दौरान किसानों को हो रही लगातार परेशानियों और प्रशासनिक सख्ती को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने इसे प्रदेश भाजपा साय सरकार की किसान विरोधी मनसिकता बताया है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार किसानों का धान खरीदने से बचने के लिए नए-नए पैतरे अपना रही है। भाजपा सरकार के नेता और मंत्री किसानों से एक-एक दाना खरीदने का वादा करती है जबकि जमीनी हकीकत तो यह है कि कई प्रकार की जांच किसानों के खेत से लेकर घर तक की जा रही है। तमाम सत्यापन के बाद भी धान लेने टोकन जारी नहीं किया जा रहा है। किसानों को आज शक की दृष्टि से देखा जा रहा है। यदि शीघ्र ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी जिले में धान परिवहन रोकने जैसे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

### प्रिंस विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री बने



**धमतरी।** महासमुंद में विश्व हिंदू परिषद की प्रांत स्तरीय बैठक हुई। बैठक में धमतरी जिले के सक्रिय कार्यकर्ता प्रिंस जैन को विश्व हिंदू परिषद धमतरी का जिला मंत्री नियुक्त किया गया। प्रिंस इससे पहले भी विश्व हिंदू परिषद में नगर मंत्री, जिला सहसंयोजक तथा प्रांत सुरक्षा प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके अनुभव, कार्यशैली और समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। बैठक में शामिल क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र पवार, प्रांत अध्यक्ष संतोष गोलछा, प्रांत मंत्री पूर्णेन्द्र सिन्हा ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में जिले में संगठनात्मक कार्य और अधिक गति पकड़ेगा तथा हिंदू समाज के हित में चलाए जाने वाले अभियानों को नई दिशा मिलेगी। उनकी नियुक्ति पर धर्म सेना के पूर्व प्रदेश संयोजक सुबोध राठी, विहिप पूर्व जिला मंत्री हेमराज सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने हर्ष व्यक्त किया है।

### युवा स्टार सेवा समिति ने कलेक्टर से भेंट की

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान 2026 प्राप्त करने वाली जिले की युवा स्टार सेवा समिति खरतुली के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से भेंट की। छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान 2026 प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने समिति को शुभकामनाएं दी। भेंट के दौरान समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा भविष्य की कार्ययोजना को लेकर चर्चा हुई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि युवा स्टार सेवा समिति द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्य प्रेरणादायी हैं। नशामुक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और युवाओं के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में समिति का योगदान सराहनीय है।

इतवारी बाजार अपडेट : भिंडी, करेला, बरबट्टी, ग्वारफली आम आदमी की पहुंच से बाहर

# बाजारों में हरी सब्जियों की बहार पर महंगाई ने बिगाड़ा स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर की सब्जी मंडियों में इन दिनों हरी सब्जियों की भरपूर आवक देखने को मिल रही है। बाजारों में सजी रंग-बिरंगी ताजी सब्जियां ग्राहकों को आकर्षित तो कर रही हैं, लेकिन दाम सामान्य से अधिक होने के कारण आम आदमी की जेब पर भारी पड़ रही हैं। हालात यह हैं कि लोग महंगी हरी सब्जियों के बजाय सस्ती देसी सब्जियों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

अंचल से आने वाली ताजी सब्जियों की बहार बाजार में नजर आ रही है, वहीं फार्म हाउस में उगाई गई सब्जियां दूसरे शहरों और राज्यों की ओर भेजी जा रही हैं। इसी कारण भिंडी, करेला, बरबटी और ग्वारफली जैसी हरी सब्जियां धमतरी के बाजार में महंगे दाम पर बिक रही हैं। सब्जी विक्रेता भुवन पटेल, रघुनाथ पटेल, तुलसी सोनकर और वैशाखराम सोनकर ने बताया कि स्थानीय स्तर पर मांग अधिक और आपूर्ति सीमित होने से कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। रविवार को भटा 30 रुपये, गाजर 30, कद्दू 30, टमाटर 30, लौकी 20, पत्ता गोभी 30, गोभी 40, मूली 20, केला 30 रुपये प्रति किलो रहे। वहीं करेला 80, बरबटी 60, भिंडी 60, ग्वारफली 60, कुंदरू 60, परवल 60, कटहल 60, कोचई 60 रुपये किलो बिके। मुनगा 150 और हरी मिर्च 100 रुपये किलो रही। हरा धनिया, मेथी भाजी और हरा मटर 30 रुपये किलो के भाव से बिके। किराना बाजार में भी दाम स्थिर नहीं रहे। आलू 16, प्याज 30, शक्कर 43, गुड़ 55 रुपये किलो बिका। हल्दी और मिर्ची 200, धनिया 120, जीरा 270 और काली मिर्च 800 रुपये किलो तक पहुंच गई। दालों में अरहर 110, मूंग 100, उड़द 90, मसूर 85 रुपये किलो रही। अंडा इस सप्ताह 80 रुपये दर्जन के भाव से बिका।

### जिस घर में कन्या का सम्मान होता है, वहां भगवान बसते हैं : जोगी



**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव में संगीतमय शिव महापुराण कथा जारी है। द्वितीय दिवस कथावाचक हलधर नाथ जोगी ने कहा कि जिस घर में कन्या का सम्मान होता है, उस घर में हमेशा भगवान का निवास स्थल होता है। कन्या हमेशा दो कुल को तारने वाली होती है। भागवत कथा हो या शिव पुराण हो महिलाओं की उपस्थित ज्यादा होती है । स्त्री हमेशा त्याग की मूर्ति रही है। इसी कारण से देवी कहा गया है। अच्छा कर्म करोगे तो अच्छा फल मिलेगा। भगवान श्रीराम ने बाली को छुपकर मारा था तो अगले जन्म में बाली ने श्रीकृष्ण को मारा। भोजन करते समय भोजन की थाली में अन्न बच जाता है तो उस थाली में हाथ नहीं धोना चाहिए। किसी अन्य पात्र में भोजन निकालकर हाथ धोना चाहिए। ऐसा नहीं करने से लक्ष्मी मैया रूठ जाती है।

## 12 स्कूल बस में पाई गई खामियां ग्यारह हजार रुपए जुर्माना वसूला



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम के तहत जिला परिवहन अधिकारी द्वारा परिवहन, यातायात एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम के साथ नगरी रोड स्थित परिवहन कार्यालय परिसर में स्कूल वाहनों का निरीक्षण किया गया। कुल 77 स्कूल वाहनों की जांच की गई, जिसमें 12 स्कूल बस में विभिन्न खामियां पाई गईं। इनमें बिना परमिट संचालन, बिना वर्दी चालक, लाइट एवं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की कमी तथा अन्य सुरक्षा मानकों का पालन न होना शामिल है। कुल 11,000 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही खामियों को शीघ्र दुरुस्त कर पुनः जांच के लिए कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस दौरान चालकों एवं परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। जांच में एक चालक को मोतियाबिंद तथा 11 चालकों की दृष्टि कमजोर पाई गई, जिन्हें उपचार के बाद ही वाहन संचालन की अनुमति देने के निर्देश दिए गए।

आमंत्रण हेरिटेज रुद्री में दुर्लभ सत्संग का आयोजन

## भक्ति केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि संस्कार का समन्वय है : संत विजयानंद



**धमतरी।** आमंत्रण हेरिटेज रुद्री में आयोजित दुर्लभ सत्संग कार्यक्रम में ऋषिकेश से पहुंचे संत विजयानंद गिरि महाराज ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान किया। सत्संग को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भक्ति केवल बाहरी कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि अनुशासित जीवन, संयम, सत्य, सेवा, सदाचार और संस्कार का समन्वय ही सच्ची भक्ति है। भौतिक आडंबर से दूर रहकर आत्मिक शुद्धता की ओर बढ़ना ही वास्तविक साधना है। महाराज श्री ने कहा कि आज के भौतिकतावादी युग में मानव जीवन भोग और संग्रह की प्रवृत्ति में उलझता जा रहा है, जो कल्याण के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने समझाया कि जीवन को सरल, संयमित और उद्देश्यपूर्ण बनाकर ही आत्मिक शांति प्राप्त की जा सकती है। रविवार को सत्संग का द्वितीय दिवस रहा। द्वितीय दिवस के प्रवचन में संत विजयानंद गिरि महाराज ने कहा कि कलियुग में नाम का विशेष महत्व है। नाम-स्मरण और नाम-जप से ही प्राणी का कल्याण संभव है। उन्होंने बताया कि निरंतर नाम-स्मरण से मन की चंचलता शांत होती है और व्यक्ति आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होता है। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और प्रवचनों का लाभ उठाया।

### जिस कथा से जीवन सुधर जाए, वही सच्ची भागवत : ममता



**जीजामगांव।** ग्राम कचना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस ममता दीदी पाठक ने कहा कि प्रभु का प्रत्येक अवतार मानव समाज को मर्यादा, न्याय और कर्तव्य का मार्ग दिखाने के लिए है। उनके द्वारा कही गई प्रत्येक बात शास्त्रसम्मत होने के साथ-साथ आज के जीवन से जुड़ी हुई है। श्रीकृष्ण का प्राकट्य हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी मुस्कान और धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। यह कथा केवल सुनने का नहीं, बल्कि जीवन को बदलने का माध्यम है।

## सपना हुआ साकार, जिले के दस युवाओं का केंद्रीय सुरक्षा बल में चयन

- गांवों में उत्सव जैसा माहौल, अन्य युवाओं के लिए बने प्रेरणास्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




एसएससी जीडी भर्ती परीक्षा 2025 का परिणाम हाल ही में घोषित हुआ, जिसमें धमतरी जिले के 10 होनहार विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। इन युवाओं ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और सामूहिक तैयारी के बल पर केंद्रीय सुरक्षा बलों के विभिन्न विभागों में चयन सुनिश्चित किया है। इनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जिले में हर्ष और गर्व का माहौल है।

निरंजन साहू का चयन एसएसबी में, समीर का असम राइफल्स में, त्रिलोकी तारम, दिकेश, उत्तम यादव एवं शेखर ध्रुव का चयन सीआरपीएफ में हुआ है। वहीं पंकज बंजारे, दीपेश साहू और टिकेश्वर साहू ने सीआईएसएफ में स्थान बनाया है, जबकि सोमप्रकाश, हिमाचल माला और खिलेश कुर्रे का चयन बीएसएफ में हुआ है। इन सभी विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी की, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया।

### मुजगहन के चार युवाओं का चयन

ग्राम मुजगहन के लिए अत्यंत गौरव का पल आया जब एक साथ गांव के चार युवाओं का चयन देश की प्रतिष्ठित सुरक्षा बलों में हुआ है। इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरा गांव गौरवान्वित महसूस कर रहा है। समीर गोस्वामी का चयन असम राइफल्स, सोमप्रकाश ध्रुव का चयन बीएसएफ, शेखर ध्रुव का चयन सीआरपीएफ तथा राहुल साहू का चयन सीआईएसएफ में हुआ है। चारों युवाओं ने मेहनत, अनुशासन और लगन से यह सफलता हासिल की है। इस अवसर पर सरंक्षक युवा बिग्रेड मुजगहन एवं युवा भाजपा नेता देवेश साहू के नेतृत्व में चयनित युवाओं के निवास स्थान पर बाजे-गाजे के साथ स्वागत-सम्मान किया गया। गांव भ्रमण कराया गया, जिसमें गांव के युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर देशभक्ति का उत्साह और गर्व का प्रदर्शन किया। एक साथ चार युवाओं के चयन से गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

सफल छात्र निरंजन साहू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि लक्ष्य पर केंद्रित रहकर की गई मेहनत ही सफलता की कुंजी है। समीर ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान कठिन परिश्रम और धैर्य बनाए रखा, जिसका फल आज मिला है। वहीं सीआरपीएफ में चयनित त्रिलोकी तारम ने कहा कि उन्होंने अपने सपनों को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत की और आज देश सेवा का अवसर मिला है।

इन विद्यार्थियों की सफलता यह साबित करती है कि धमतरी जिले के युवाओं में प्रतिभा और देशसेवा का जज़्बा कूट-कूटकर भरा है। इनकी उपलब्धि से जिले के अन्य युवाओं को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरणा मिलेगी। यह सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि धमतरी जिले के लिए भी गर्व का विषय है। उम्मीद जताई जा रही है कि ये युवा आगे चलकर देश की सुरक्षा और सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## धान खरीदी केंद्र भेंड्री में तौल गड़बड़ी का आरोप, पूर्व विधायक ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत भेंड्री स्थित धान खरीदी केंद्र में तौल प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर पूर्व विधायक कुरूद एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग लेखराम साहू ने केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुसुमलता साहू, झुमक लाल साहू, मानस देवांगन, कोमल सिन्हा, अशोक साहू, सागर साहू, भुवन साहू, दिलीप साहू, हिरोज साहू, हीरु राम साहू, मंशाराम साहू, यादराम साहू उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान ग्राम मोहरेंगा निवासी किसान प्रदीप पटेल ने बताया कि उनके धान की तौल बहुत तेजी से कर बोरे हटा दिए गए, जिससे संदेह उत्पन्न हुआ। शिकायत पर बोरे की पुनः तौल कराई गई, जिसमें एक किलो धान अधिक निकला। इसके बाद सही तौल कर किसान को संतुष्ट किया गया, लेकिन ग्रामीणों ने इस घटना को गंभीर लापरवाही बताया।

किसानों ने बताया कि टोकन कटने के बावजूद धान बेचने में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। जिन किसानों का धान अब तक नहीं बिका है, उनके घरों में जाकर बोरे गिने जा रहे हैं और रकबा सत्यापन किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए केवल 9 दिन शेष हैं, जबकि जिले के 10 से 12 प्रतिशत किसान अब तक धान नहीं बेच पाए हैं। लेखराम साहू ने कहा कि गिरदावरी सत्यापन और एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन के बाद दोबारा रकबा सत्यापन कराना किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों को इसी तरह परेशान किया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

## मकर संक्रांति की रानी का खिताब साक्षी को मिला



- महिला समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाई मकर संक्रांति

**धमतरी।** महिला समाज द्वारा मकर संक्रांति, हल्दी-कुमकुम एवं उत्तरायण पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को जीवंत रखना और आपसी प्रेम, सौहार्द्र व एकता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर महिला समाज की अध्यक्ष हेमलता ऋषिकर ने सभी सदस्यों को हल्दी-कुमकुम लगाकर उपहार भेंट किए। हल्दी-कुमकुम का यह आयोजन चंचल लुंकड़ के निवास स्थान पर हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने मिलकर वर्ष 2026 का स्वागत किया। मनोरंजन के लिए तंबोला एवं अन्य खेल भी आयोजित किए गए, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तंबोला में मीनल गोलछा, भावना दोशी, जिगना, प्रभा रावत, स्वाति बवाल एवं नीलू लुनावत ने पुरस्कार जीते। न्यू ईयर क्वीन का खिताब सुषमा नंदा को तथा मकर संक्रांति रानी का खिताब साक्षी अग्रवाल को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य राजुला शाह, नीला कपाड़िया, प्रभा रावत, भावना दोशी, ललित अग्रवाल, नलिनी सोनी, कंचन लुंकड़, प्रिया आठवानी, मोना शाह सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## भक्ति की बह रही अविरल धारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



ग्राम सरबदा में श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति की अविरल धारा बह रही है। कृष्ण कुमार तिवारी की माखन चोरी से लेकर चीर हरण तक की कथा ने भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान जब रुक्मिणी विवाह का प्रसंग आया, तो उसे जीवंत झांकी के रूप में देखकर पाडाल में उपस्थित श्रद्धालु आनंदित होकर झूम उठे।







तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

